# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2019 (ANNUAL)

## HINDI (Model Set)

समय : 03 घंटा 15 मिनट (हिन्दी) पूर्णांक :– 100

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**I.Sc. & I.Com. – LL- HINDI (OPT)**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
   (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है) इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें।

*बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें:–*

1. 1869 से 1875 तक बालकृष्ण भट्ट ने किस स्कूल में अध्यापन किया ?

   (A) प्रयाग के मिशन स्कूल में
   (B) प्रयाग के सी0ए0वी0 स्कूल में
   (C) हैदराबाद के स्कूल में
   (D) इनमें से कोई नहीं

2. 'रेल का विकट खेल' किसकी रचना है ?

   (A) मलयज
   (B) मोहन राकेश
   (C) बालकृष्ण भट्ट
   (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

3. बालकृष्ण भट्ट कैसे स्वभाव के व्यक्ति थे ?

   (A) नम्र
   (B) उदार
   (C) उग्र
   (D) इनमें से कोई नहीं।

4. गुलेरी जी ने कुल कितनी कहानियाँ लिखीं ?

   (A) दो (B) तीन (C) चार (D) पाँच

5. गुलेरी जी की कहानी 'उसने कहा था' किस शहर के भीड़ भरे बाजार से शुरू होती है ?

   (A) हरियाणा (B) कांगड़ा (C) अमृतसर (D) जयपुर

6. भारतीय सिपाहियों का किसके साथ संघर्ष हुआ था ?

(A) तुर्कों के साथ
(B) फ्रांसीसियों के साथ
(C) अंग्रेजों के साथ
(D) जर्मनों के साथ

7. जयप्रकाश नारायण 1974 ई0 में आपातकाल के दौरान किस आंदोलन के लिए जेल गए ?

(A) कृषक आंदोलन
(B) छात्र आंदोलन
(C) भूमिज आंदोलन
(D) इनमें से कोई नहीं।

8. 'जयप्रकाश नारायण' के पिता का नाम क्या था ?

(A) जगतदयाल
(B) भगतदयाल
(C) हरसूदयाल
(D) दीनदयाल

9. 'रेणुका' किसकी रचना है ?

(A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(B) मोहन राकेश
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) उदय प्रकाश

10. 'मालती' के पति का क्या नाम है ?

(A) महेश्वर
(B) दिनेश्वर
(C) राजेश्वर
(D) जगेश्वर

11. 'कहरानामा' किसी कृति है ?

(A) मलिक मुहम्मद जायसी
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान
(D) रघुवीर सहाय

12. 'साहित्यलहरी' रचना है –

(A) नाभादास की
(B) तुलसीदास की

(C) भूषण की (D) सूरदास की

13. सूर काव्य के तीन प्रधान विषय हैं –

(A) हिन्दी, फारसी, उर्दू भाषा का प्रयोग (B) संस्कृत, अंग्रेजी, हिन्दी विषय

(C) विनय–भक्ति, वात्सल्य और प्रेम–श्रृंगार (D) कोई नहीं।

14. तुलसीदास की माता का नाम क्या था ?

(A) हुलसी (B) रेवती (C) चित्रा (D) धिराज

15. 'कवितावली' किसकी रचना है ?

(A) ज्ञानेंद्रपति (B) अशोक वाजपेयी

(C) तुलसीदास (D) नाभादास

16. 'ध्रुवस्वामिनी' किसने लिखा है ?

(A) मलिक मुहम्मद जायसी (B) जयशंकर प्रसाद

(C) भूषण (D) सुभद्रा कुमारी चौहान

17. 'इंदु' का प्रकाशन प्रारंभ हुआ –

(A) 1905 ई0 से (B) 1907 ई0 से

(C) 1908 ई0 से (D) 1909 ई0 से

18. 'सुभद्रा कुमारी चौहान' की मृत्यु कैसे हुई थी ?

(A) बस दुर्घटना में (B) ट्रेन दुर्घटना में

(C) कार दुर्घटना में (D) हवाई जहाज दुर्घटना में

19. 'बिखरे मोती' कहानी संग्रह है –

(A) विनोद कुमार शुक्ल की (B) भूषण की

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान की (D) इनमें से किसी की नहीं

20. 'दूसरा सप्तक' किसने लिखा है ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) ज्ञानेंद्रपति
(C) रघुवीर सहाय
(D) विनोद कुमार शुक्ल

21. 'विद्यालय' का संधि–विच्छेद है –

(A) विद + यालय
(B) विद्या + आलय
(C) वि + द्यालय
(D) विद्याल + य

22. 'संचय' का संधि–विच्छेद होगा –

(A) सं + चय
(B) संच + य
(C) सम् + चय
(D) संच + य

23. 'यथोचित' का संधि–विच्छेद है –

(A) यथा + उचित
(B) यथो + चित
(C) यथोचि + त
(D) इनमें से कोई नहीं

24. 'नीरव' का संधि–विच्छेद है –

(A) नीर + व
(B) नीः + रव
(C) निः + रव
(D) नी + रव

25. 'तथापि' का संधि–विच्छेद कौन–सा है ?

(A) तथा + पि
(B) तथा + अपि
(C) तथ + अपि
(D) तद् + अपि

26. 'अतिशय' में कौन–सा उपसर्ग है ?

(A) अ
(B) अतिश
(C) अति
(D) इनमें से कोई नहीं।

27. 'स्वागत' में उपसर्ग है ?

(A) सु
(B) सर्ग
(C) आ
(D) अक

28. 'प्रभुता' में कौन–सा प्रत्यय है ?

(A) ता (B) आह (C) अम (D) अक

29. 'गायक' में प्रत्यय है –

(A) यक (B) अक (C) आयक (D) कोई नहीं

30. 'बाँछें खिलना' मुहावरा का अर्थ है –

(A) जीतना
(B) आगे निकल जाना
(C) अत्यंत प्रसन्न होना
(D) परिवर्तन होना

31. 'हाथ पैर मारना' मुहावरा का अर्थ है –

(A) हार मान लेना
(B) हाथ से मारना
(C) पैर से मारना
(D) काफी प्रयत्न करना

32. 'लेने के देने पड़ना' मुहावरा का अर्थ है –

(A) लाभ के बदले हानि
(B) काफी प्रयत्न करना
(C) लाभ होना
(D) हानि होना

33. 'सोमवार' संज्ञा है –

(A) जातिवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) भाववाचक
(D) समूहवाचक

34. 'घर' संज्ञा है –

(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) समूहवाचक

35. 'राम कलम से लिखता है।' में 'से' किस कारक की विभक्ति है ?

(A) संबंध (B) अपादान (C) करण (D) अधिकरण

36. 'गीला' का विलोम होगा –

(A) कड़ा (B) नरम

(C) सूखा (D) इनमें से कोई नहीं

37. 'उग्र' का विलोम होगा –

(A) तेज (B) शीत (C) साधु (D) सौम्य

38. 'जागरण' का विपरीतार्थक शब्द है –

(A) निद्रा (B) सोना (C) जागना (D) जगाना

39. 'भूत' का विपरीतार्थक शब्द है –

(A) भय (B) प्रेत

(C) भविष्य (D) इनमें से कोई नहीं

40. 'मैं खाना खा चुका, तब वह आया।' वाक्य है–

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) कोई नहीं

41. 'चतुर्थ' शब्द है –

(A) तद्‌भव (B) देशज (C) तत्सम (D) विदेशज

42. 'खिड़की' शब्द है –

(A) देशज (B) तद्भव (C) विदेशज (D) तत्सम

43. 'बखूबी' कौन समास है ?

(A) द्वंद्व (B) द्विगु (C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

44. 'रसभरा' कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष (C) द्वंद्व (D) द्विगु

45. 'राजभवन' समास है –

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव (C) कर्मधारय (D) बहुब्रीहि

46. 'धर्माधर्म' समास है –

(A) द्विगु (B) द्वंद्व (C) कर्मधारय (D) तत्पुरुष

47. 'त्रिभुवन' समास है –

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव (C) द्विगु (D) कर्मधारय

48. 'जो कहा न जा सके' कहलाता है –

(A) अकहनीय (B) न कहनीय

(C) अकथनीय (D) इनमें से कोई नहीं।

49. 'जिसका कोई नाथ न हो' कहलाता है –

(A) न नाथ (B) सनाथ

(C) अनाथ (D) बिना नाथ

50. 'क्रम' का विशेषण है –

(A) क्रमिकता (B) करन (C) क्रमिक (D) करण

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

*विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 50 अंकों का होगा।*

1. निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखिये : 1X8=8

(i) मेरे प्रिय लेखक

(ii) भारत के गाँव

(iii) बाल–मजदूरी

(iv) रक्षा–बंधन

(v) पर्यावरण

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की व्याख्या करें : 2X4=8

(i) व्यक्ति से नहीं हमें तो नीतियों से झगड़ा है, सिद्धान्तों से झगड़ा है, कार्यों से झगड़ा है।

(ii) इस संसार से संपृक्ति एक रचनात्मक कर्म है। इस कर्म के बिना मानवीयता अधूरी है।

(iii)
चिर विषाद विलीन मन की
इस व्यथा के तिमिर वन की ;
मैं उषा सी ज्योति रेखा,
कुसुम विकसित प्रात रे मन !

(iv)
आज दिशाएँ भी हँसती हैं
है उल्लास विश्व पर छाया,
मेरा खोया हुआ खिलौना
अब तक मेरे पास न आया।

3. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दें : 1X5=5

(i) परीक्षा–परिणाम बतलाते हुए अपनी माता जी को एक पत्र लिखें :–

(ii) प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लिखें।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 2X5=10

(i) बातचीत के संबंध में बेन जानसन और एडीसन के क्या विचार हैं ?

(ii) भगत सिंह की विद्यार्थियों से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

(iii) थारूओं की कला का परिचय पठित पाठ के आधार पर दें।

(iv) बिशनी और मुन्नी को किसकी प्रतीक्षा है,वे डाकिये की राह क्यों देखती हैं ?

(v) स्त्री को अहेरिन, नागिन और जादूगरनी कहने के पीछे क्या मंशा होती है ? क्या ऐसा कहना उचित है ?

(vi) दूसरे पद में तुलसी ने दीनता और दरिद्रता का प्रयोग क्यों किया है ?

(vii) छत्रसाल की तलवार कैसी है ?

(viii) बंधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है ?

(ix) कवयित्री का खिलौना क्या है ?

(x) 'उषा' कविता में आकाश के बदलते रंगों का वर्णन करें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) 'शिक्षा' शीर्षक संभाषण का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

(ii) 'संपूर्ण क्रांति' शीर्षक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

(iii) 'तिरिछ' शीर्षक कहानी का सारांश लिखें।

(iv) कवि जयशंकर प्रसाद की जीवनी एवं उनके द्वारा संकलित 'तुमुल कोलाहल कलह में' का सारांश लिखें।

(v) कवि गजानन माधव मुक्तिबोध रचित 'जन–जन का चेहरा एक' शीर्षक कविता का सारांश लिखें।

(vi) गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी एवं उनके द्वारा संकलित पद का भावार्थ लिखें।

6. उपयुक्त शीर्षक देकर निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करें : 1X4=4

किसी राष्ट्र या जाति में संजीवनी शक्ति भरने वाला साहित्य ही है। इसलिए यह सर्वतोभावेन संरक्षणीय है। सब कुछ खोकर यदि हम उसे बचाये रहेंगे तो फिर इसी के द्वारा हम सब कुछ पा भी सकते हैं। इसे खोकर यदि कुछ पा भी लेंगे तो फिर से इसे कभी न पा सकेंगे। कारण, हमारे पूर्वजों का चिरसंचित ज्ञानवैभव ही साहित्य है। अन्य लौकिक वैभव नश्वर हैं। यह अविनाशी है। इसलिए इसका पल्ला जो पकड़े रहेगा, वह अमर रहेगा।